प्रशिक्षण ले रही एसएचजी की महिलाओं के लिए हुआ कार्यक्रम

सिंदरी। संवाददाता

एसीसी सिंदरी के पीडीआईएल स्थित दिशा सेंटर में धनबाद नगर निगम के दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत टेलरिंग एवं अन्य कार्यों का प्रशिक्षण ले रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर निगम के महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पोशाक के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। महापौर ने अपने संबोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निगम तथा सरकार की योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा दिया। इस कार्य में एसीसी सिंदरी सीएसआर के अंतर्गत तथा नगर निगम द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन एसीसी सीएसआर अधिकारी रवि निवास द्वारा किया गया। जियाडा के सत्येंद्र कुमार ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एसीसी के सीएसआर कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं इसे अनूठा बताया। क्रिएटिव इंडिया के निदेशक रंजीत कुमार ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। मौके पर एसीसी एच आर हेड सुरेंद्र सिंह, अंबुज मंडल, अर्चना कुमारी सहित महिलाएं उपस्थित थीं।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल